ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में स्वच्छता को प्राथमिकता

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 की तैयारियों की जानकारी लेते मुख्य सचिव। -संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए निर्देश, तीन जून को प्रधानमंत्री की मौजूदगी में होना है आयोजन

लखनऊ। तीन जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 के आयोजन में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाएगी। पूरे देश से जुट रहे नेताओं और उद्योगपतियों की मौजूदगी के बीच आयोजन को भव्य बनाने पर भी अधिकारी काम करेंगे।

मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने अफसरों संग इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तैयारियों को देखा। उन्होंने मुख्य परिसर के अलावा प्रवेश द्वार से लेकर ऑडिटोरियम तक में व्यवस्थाएं जानीं।

डीएम ने बताया कि मुख्य सचिव ने आयोजन स्थल पर अतिथियों के बैठने की व्यवस्था की जानकारी ली। पार्किंग व्यवस्था को भी देखा गया है। उन्होंने जारी निर्देश में कहा कि सेरेमनी में आने वाले अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक देवेन्द्र सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, मंडलायुक्त लखनऊ रंजन कुमार, डीएम अभिषेक प्रकाश, पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर मौजूद रहे।